Phone & Fax no. 0135-2658294 E-mail: cfshiwalik@yahoo.co.in

कार्यालय वन संरक्षक, शिवालिक वृत्त, उत्तराखण्ड, देहरादून।

पत्रांक- 1371 /12-1(1) दिनांक, देहरादून, 09, दिसम्बर 2022

सेवा में,

अपर प्रमुख वन संरक्षक/नोडल अधिकारी
वन संरक्षण, उत्तराखण्ड, देहरादून।

विषय : **ऑनलाईन प्रस्ताव सं0-FP/UK/Others/149743/2021जनपद पौड़ी गढ़वाल के अन्तर्गत नगर पंचायत सतपुली सीमान्तर्गत नगरीय ठोस अपशिष्ट प्रबंधन हेतु ठोस अपशिष्ट का प्रसंस्करण एवं वैज्ञानिक निस्तारण हेतु 0.600 है0 वन भूमि का नगर पंचायत सतपुली को प्रत्यावर्तन के संबंध में।**

सन्दर्भ:- **भारत सरकार का पत्रांक-8बी/यू0सी0पी0/06/20/2020/एफ0सी0/280 दिनांक 25.05.2022**

महोदय,

उपरोक्त विषयांकित प्रस्ताव पर भारत सरकार के उपरोक्त संदर्भित पत्र द्वारा लगाई गई बिन्दुवार आपत्तियों का निराकरण प्रभागीय वनाधिकारी, भूमि संरक्षण वन प्रभाग, लैन्सडौन के पत्रांक 1078/12-1 दिनांक 07.12.2022 से प्राप्त सूचना के आधार पर निम्न प्रकार प्रेषित है :-

क्र0	आपत्ति	निराकरण
1	प्रस्तावित स्थल 'मील' नदी (1st order River) के निकट स्थित है तथा प्रस्ताव के तहत की जाने वाली गतिविधियों को विचार में रखते हुए राज्य सरकार से अनुरोध है कि नदी पर परियोजना के किसी भी प्रतिकूल प्रभाव से बचने हेतु बरती जा रही सावधानियों की पूर्ण जानकारी इस कार्यालय में प्रस्तुत करने का कष्ट करें।	प्रभागीय वनाधिकारी से प्राप्त सूचना के आधार पर प्रस्तावक विभाग द्वारा परियोजना स्थल (नगरीय ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के प्रसंस्करण एवं वैज्ञानिक निस्तारण स्थल) पर अजैविक कूड़े की पूर्ण रूप से छटाई कर रिसाईकल कर अजैविक कूड़े का प्रसंस्करण एवं वैज्ञानिक निस्तारण किया जायेगा। अजैविक कूड़े के किसी भी प्रकार से मघुगंगा गाड में जाने से रोकने के लिए परियोजना स्थल के चारों ओर Boundary wall 35m, Green Belt 150 Tree, RR Wall 70m तथा Fencing 250m का निर्माण किया जायेगा एवं जैविक कूड़े से निकलने वाले Leachate के लिए Leachate holding Tank का निर्माण किया जायेगा। इस प्रकार से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष किसी भी माध्यम से परियोजना के कारण मधुगंगा गाड पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा तथा इसके लिए पूर्ण रूप से आवश्यक सावधानियां बरती जायेंगी।
2	राज्य सरकार 1200 पौध (0.6 है0 X 1000 पौधे X 2 = 1200 पौधे) के पौधारोपण हेतु उपयुक्त क्षेत्र का चयन करें तथा तदनुसार पूर्ण विवरण सहित वृक्षारोपण योजना, मानचित्र एवं के0एम0एल0 फाईल प्रस्तुत करने का कष्ट करें।	प्रभाग द्वारा क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु भूमि का चयन बबीना पट्टी मल्ला बदलपुर 2, तहसील सतपुली (गढ़वाल) के अन्तर्गत नॉन0जेड0ए0 खतौनी खाता संख्या-06 श्रेणी-9(3)ड कृषि योग्य अन्य बंजर भूमि खेत संख्या-4250 रक्वा 1.800 है0 मध्ये 1.2 है0 भूमि पर किया गया है। उक्त भूमि का वृक्षारोपण प्राक्कलन, मानचित्र एवं के0एम0एल0 फाईल संलग्न कर प्रेषित है। **(संलग्नक-01)**

अतः अनुरोध है कि कृपया प्रस्ताव की स्वीकृति के सम्बन्ध में अग्रेत्तर कार्यवाही करने की कृपा करें।

संलग्नक :- उपरोक्तानुसार।

भवदीय

(राजीव धीमान)
वन संरक्षक,
शिवालिक वृत्त, देहरादून।

पत्रांक : 1371 / **1-12(15)** तद्दिनांकित।

प्रतिलिपि : प्रभागीय वनाधिकारी, भू0सं0 वन प्रभाग, लैन्सडौन को उनके उक्त उल्लिखित पत्र के क्रम में सूचनार्थ प्रेषित।

(राजीव धीमान)
वन संरक्षक,
शिवालिक वृत्त, देहरादून।